प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या प्रशिक्षण शिविर का प्रारम्भ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में दिनांक 17-10-2016 से जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलेंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से पांच दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या शिविर का आयोजन प्रारम्भ हुआ। शिविर का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्वल्लित करके किया गया। इसमें महाविद्यालय की युवा रेड क्रॉस की तीनों इकाइयों के 100 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के प्रशिक्षक श्री रतन सिंह ने बताया किया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रेड क्रॉस के सभी स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता और गृह उपचार की जानकारी देना है। पांच दिनों तक चलने वाले इस शविर में रक्त की जानकारी, रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन, हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टियों, जलने का उपचार, घटना स्थल से घायल व बेहोश व्यक्ति को कैसे उठाना है, सांप, बन्दर, बिच्छू व कुत्ते के काटने और जहर फलने पर प्राथमिक उपचार जैसी जानकारियां दी जाएगी। युवा रेड क्रॉस इकाई प्रथम के मुख्य संयोजक डॉ जयपाल सिंह ने मंच सञ्चालन करते हुए रेड क्रॉस के गठन, उद्देश्य और युवा रेड क्रॉस द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला और जानकारी दी कि शिविर दिनांक 21-10-2016 तक चलेगा। जिसमें सफल स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र प्रदान कियें जायेंगे। इस अवसर पर युवा रेड क्रॉस इकाई द्वितीय व तृतीय के संयोजक डॉ विनोद राठी व डॉ उषा चौधरी भी उपस्थित थे।